आसपुर में बिजली कटौती से ग्रामीणों में आक्रोश

डिस्कॉम ऑफिस पहुंचकर लोगों ने जताया विरोध

डूंगरपुर (प्रातःकाल संवाददाता)। आसपुर में तीन दिन से रात के समय बिजली कटौती से आक्रोश है। लोगों ने एईएन कार्यालय आसपुर में पहुंचकर विरोध जताया। इस दौरान अधिकारियों पर लापरवाही और मनमानी का आरोप लगाते हुए समस्या के समाधान की मांग की। वहीं, एईएन अरुण चौधरी ने स्टाफ कमी बताकर पगा झाड़ लिया जाता है। लोगों ने बताया कि रात करीब 9 बजे लाइट कटने के बाद सुबह सात बजे आती है।

ऐसे में उमस भरी गर्मी और अंधेरे के कारण लोगों को परेशानी होती है। बिजली कटौती की शिकायत के लिए अधिकारियों को फोन किया जाता है तो कोई रिसीव नहीं करता है। रात के समय लाइन में

अगर फॉल्ट आता है तो सुबह अपने आप ही कैसे सही हो जाता है।

आसपुर में तीन दिन से रात के समय बिजली कटौती से आक्रोश है। लोगों ने एईएन कार्यालय पहुंचकर विरोध जताया। इस दौरान अधिकारियों पर लापरवाही और मनमानी का आरोप लगाते हुए समस्या के समाधान की मांग की। वहीं एईएन अरुण चौधरी ने स्टाफ कमी बताकर पगा झाड़ लिया। लोगों ने बताया कि रात करीब 9 बजे लाइट कटने के बाद सुबह सात बजे आती है। ऐसे में उमस भरी गर्मी और अंधेरे के कारण लोगों को परेशानी होती है। बिजली कटौती की शिकायत के लिए अधिकारियों को फोन किया जाता है तो कोई फोन रिसीव तक नहीं होता है। रात के समय लाइन में अगर फॉल्ट आता है तो सुबह अपने आप ही कैसे सही हो जाता है।

उन्होंने बताया कि जिले में टीम काम कर रही है, लेकिन आसपुर में एफ आरटी टीम ने काम करना छोड़ दिया है। विद्युत विभाग द्वारा मेंटेनेंस के नाम पर लाखों रुपए उठा लिए जाते हैए विद्युत आपूर्ति बंद रखी जाती है। बरसात आते हो इनकी पोल खुल जाती है। इस अवसर पर अनिल गुप्ता, रोनिक जैन, हंसमुख सोनी, पीनु जैन, अरिहंत जैन, चेनिस जैन, रजनीकांत जैन, मोहित जैन सहित कई लोग मौजूद रहे।

दी बांसवाड़ा सेंट्रल कॉपरेटिव बैंक को 3.91 करोड़ रुपयों का शुद्ध लाभ

बांसवाड़ा (प्रातःकाल संवाददाता)। जनजाति क्षैत्रीय विकास विभाग कॉफ्रेंस हॉल कलेक्ट्री कार्यालय परिसर में दी बांसवाड़ा सेंट्रल कॉपरेटिव बैंक की वित्तीय वर्ष 2023-24 की 71वीं वार्षिक साधारण सभा कलक्टर एवं बैंक प्रशासक डॉ. इन्द्रजीत यादव की अध्यक्षता में हुई। विशेष आमंत्रित सदस्यो मे कृषि विभाग उपनिदेशक दिलीप सिंह, नाबार्ड जिला विकास प्रबन्धक विश्राम मीणा, कृषि विभाग के नीरज पाटीदार, बांसवाडा दुग्ध उत्पादक सहकारी संघ अध्यक्ष वजेंग पाटीदार मौजूद रहे वहीं बैंक से सम्बद्ध समितियों के 221 अध्यक्ष सम्मिलित हुए।

बैंक प्रबन्ध निदेशक परेश पण्ड्या ने जिला कलक्टर एवं प्रशासक तथा अतिथियो का स्वागत किया। कलक्टर डॉ. इन्द्रजीत यादव ने वार्षिक प्रतिवेदन प्रस्तुत करते हुए बताया कि वित्तीय वर्ष 2023-24 में बैंक ने चहुंमुखी प्रगति दर्ज की गई। बैंक की हिस्सा राशि 33.49 करोड़, कोष 74.38 करोड़, अमानते 396.63 करोड़ एवं बकाया ऋण 387.93 करोड़ रहे।

सार-समाचार

पिंक डोर बाई बंधन ग्रुप की प्रदर्शनी 19 व 20 जुलाई को

जयपुर (कासं)। बंधन ग्रुप की ओर से जुलाई व अगस्त महीने में राखी व लाइफ स्टाइल प्रथम प्रदर्शनी से दिनांक 19 व 20 जुलाई को फोर्ट रेस्टोरेंट, मालवीय के पास मैं आयोजित की जा रही है। बंधन ग्रुप और से सेफाली जैन, आकांशा जैन ने बाताया की बार जुलाई महीने की पहली, प्रदर्शनी होगी दूसरी प्रदर्शनी 26-27 जुलाई को मालवीय नगर जैन मंदिर, सेक्टर 3 में तीसरी प्रदर्शनी, 2-3 अगस्त को जय क्लब में प्रदर्शनी लगाई जा रही है। प्रदर्शनी में विभिन्न उत्पादों का संग्रह आपको एक साथ एक छत के नीचे मिलेगा। इस प्रदर्शनी में राखी, गृह सज्जा, कपड़े, उपहार वस्तुएं, हाथ से बनी वस्तुएं, आभूषण आदि शामिल हैं। यह प्रदर्शनी का मकसद समाज के छोटे छोटे उद्योग को एक मंच प्रदान करना है। प्रदर्शनी के मुख्य प्रदर्शक अलग-अलग जगहों से आ रहे हैं। गत वर्ष भी तीन जगह पर सफलता पूर्वक आयोजित की जा चुकी हे

सांख्यिकी रूपरेखा-2024 पुस्तिका का विमोचन

जयपुर (कासं)। जिला सांख्यिकी कार्यालय, जिला कलक्ट्रेट जयपुर की ओर से तैयार सांख्यिकी रूपरेखा 2024 की पुस्तिका का संयुक्त निदेशक, आयोजना विभाग, शासन सचिवालय जयपुर प्रवीण झा ने विमोचन किया। संयुक्त निदेशक प्रवीण झा ने कहा कि जिला सांख्यिकी कार्यालय की ओर से संकल्पित इस पुस्तक में जिले के सभी विभागों की प्रगति व जिले की सामाजिक-आर्थिक व राजनीतिक पृष्ठभूमि की रूपरेखा प्रस्तुत की है। संयुक्त निदेशक सांख्यिकी हीरा लाल जाटव ने बताया कि पुस्तक में जिले, ब्लॉक, तहसीलवार सभी विभागों की सूचनाओं का संकलन किया है। जिसमें जिले की स्थिति, जनसंख्या, साक्षरता, जलवायु, कृषि, पशुपालन, वन, चिकित्सा, पुलिस, पंचायतीराज आदि विभागों की समग्र सूचनाओं का प्रकाशन किया है। सहायक निदेशक डॉ. सुदीप कुमावत ने बताया कि इस पुस्तक के प्रकाशन से समाज के सभी वर्गों तक जिले की सूचनाएं सुगमता से पहुंच पायेगी।

भाविप ने अनेक सेवा कार्यों से मनाया स्थापना दिवस

राजसमंद (प्रातःकाल संवाददाता)। भारत विकास परिषद जिला शाखा की ओर से शहर में विभिन्न सेवा कार्य कर स्थापना दिवस धूमधाम से मनाया गया। शाखा अध्यक्ष प्रदीप लड्ढा ने बताया की शाखा सदस्यों ने परिषद् द्वारा गोद लिए गए ग्राम बोरज का खेडा में विविध सेवा कार्यों को अंजाम दिया। प्रातः 9 बजे ग्राम की 50 से अधिक महिला श्रमिकों को स्थानीय विद्यालय परिसर में कुटुंब प्रबोधन विषय पर मुख्य वक्ता संजय सामसुखा ने संबोधित किया। इसके बाद परिषद् के सहयोग से ग्राम की महिलाओं द्वारा संचालित सिलाई केंद्र पर सिलाई मशीनों एवं कार्य का अवलोकन किया। साथ ही 200 बैग की सिलाई के लिए कपड़ा उपलब्ध कराया गया। स्थापना दिवस के इस अवसर पर परिषद् सदस्यों द्वारा सेवा एवं समर्पण के भाव को आत्मसात करने के क्रम में गांव के जरुरत मंद बालकों को विद्याध्ययन के लिए आवश्यक स्टेशनरी, बैग, जूते, फल बिस्कुट आदि सामग्री वितरित की गई। शाखा सचिव गौरव मूंदड़ा ने बताया की एक विद्यालयी बालिका को गोद लेकर वर्ष भर उसकी पढाई के लिए सभी आवश्यक संसाधनों यथा गणवेश, किताबें एवं अन्य आवश्यक सामग्री उपलब्ध करवाने का संकल्प शाखा सदस्यों ने लिया। जिला शाखा के सदस्यों ने पहले से तैयार की गई सैंकड़ों सीड बोल्स को अनेक उपयुक्त स्थानों पर फेंका गया ताकि वर्षा जल के माध्यम से ऐसे वृक्ष पनप सके जिन्हें कम पानी चाहिए। इस दौरान केन्द्रीय समिति सदस्य एवं रीजनल मीडिया प्रभारी कमल किशोर व्यासए, शाखा संरक्षक संजय सामसुखा, प्रमोद सोनी, महिला सहप्रमुख पूजा बंग, आशा सोनी, रीना पालीवाल, सुमन सामसुखा, प्रीती लड्ढा, मनीषा कच्छारा सहित परिषद् सदस्य मौजूद थे।

विभिन्न मांगों को लेकर डेयरी गेट पर सचिवों व पशुपालकों ने दिया धरना

एमडी की मनमानी पर जताई नाराजगी

चित्तौड़गढ़ (प्रातःकाल संवाददाता)। चित्तौड़गढ़ प्रतापगढ़ दुग्ध डेयरी संघ में सचिव युनियन संघ द्वारा विभिन्न मांगो को लेकर विरोध प्रदर्शन करते हुए जिला कलक्टर एंव उपखण्ड अधिकारी के नाम ज्ञापन सौंपा। इस दौरान डेयरी प्रबंधक द्वारा सुनवाई नहीं करने पर डेयरी अध्यक्ष बद्रीलाल जाट किसानों व सचिवों के समर्थन में धरने पर बैठ गये।

डेयरी अध्यक्ष ब्रदी लाल जाट एंव सचिव युनियन अध्यक्ष मोहनलाल जाट ने बताया कि डेयरी द्वारा पिछले कई समय से दूध खरीद के नाम से ठगा जा रहा है, सरस डेयरी 740 किलोग्राम फेट से खरीद कर रही है, जबकि निजी डेयरी 810 किलो फेट से खरीद रही है, इसलिये दूध खरीदने की दर बढाई जाए, विगत छः माह से कुट्टी मशीन पर बंद अनुदान राशि पुनः चालू

धरने पर बैठे डेयरी अध्यक्ष, सचिव व पशुपालक। पीयूष

करने, पुराने लगे कुशल ठेका श्रमिकों को बेवजह प्रबंध संचालक द्वारा निकाला जा रहा है, उन्हें पुनः रोजगार दिया जाएं, राजनैतिक द्वेषता वश अकारण कई बीएमसी को बंद कर भुगतान रोक दिया गया, जिन्हें चालू कर शीघ्र भुगतान किया जाए, सरकार कम्पनियों के ठेके निरस्त कर बिना टैंडर किये चहेतों को निजी ठेका दिया जा रहा है, जिसे बंद करने, सुरक्षा व्यवस्था को लेकर नियमानुसार सेवानिवृत सैनिकों को रोजगार देने की जगह निजी एजेंसियों को ठेका देकर डेयरी में मनमर्जी चलाने का काम किया जा रहा, जिसे बंद कर सेवानिवृत सैनिकों को रोजगार दिया जाने की मांग की गई। जाट ने कहा कि आगामी तीन दिन में मांगे पूरी नहीं करने पर उग्र आंदोलन किया जाएगा। डेयरी अध्यक्ष जाट ने बताया किसानों, सचिवों व ठेका श्रमिकों की मांगो को लेकर डेयरी प्रबंधक सुरेश सैन ने वार्ता की गई, लेकिन मांगो पर किसी प्रकार की सुनवाई नहीं की गई। डेयरी अध्यक्ष जाट ने एमडी की मनमानी पर नाराजगी जताते हुए कहा कि एमडी किसानों और सचिवों की सुनवाई नहीं कर राजनीतिक दबाव में कार्यवाही कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि बड़ीसादड़ी से विधानसभा चुनाव लड़ा था, ऐसे में चुनाव में जिन्होंने साथ दिया, उनकी बीएमसी बंद की जा रही है। सहकारिता मंत्री गौतम दक के इशारे पर कार्यवाही कर प्रताड़ित करने का कार्य किया जा रहा है। इस दौरान सचिव, श्रमिक सहित जिले भर के सैकड़ों पशु पालक मौजूद थे।

देशव्यापी मांग दिवस मनाया-सीटू

डूंगरपुर (प्रातःकाल संवाददाता)। भारतीय ट्रेड यूनियन केंद्र सीटू के जिला सयोंजक भीमचंद कोटेड़ ने बताया कि सीटू केंद्रीय कमेटी के आह्वान पर नेहरू पार्क डूंगरपुर में संबंधित ट्रेड यूनियन जिसमे राजस्थान आंगनवाड़ी कार्यकर्ता एवं सहायिका यूनियन, राजस्थान आशा सहयोगिनी एवं सथिन यूनियन, राजस्थान मिड-डे मिल वर्कर्स यूनियन, राजस्थान कृषक मित्र संघ, बिल्डिंग वर्कर्स कारीगर मजदूर यूनियन आदि जन संगठन के कार्यकर्ता सुबह से पार्क में सामिल हुए और अपनी मांगों को लेकर रैली निकाली और जिला मुख्यालय पर धरना प्रदर्शन कर मांगों को जिला कलेक्टर के माध्यम से प्रधानमंत्री के नाम ज्ञापन सौंपा।

संयोजक ने बताया कि पूर्व कर्मचारी नेता कॉमरेड विमल भगोरा ने धरने को संबोधित

करते हुए कहा कि केंद्र सरकार की मजदूर विरोधी ओर कॉर्पोरेट परस्त नीतियों ने देश के श्रमिक वर्ग पर भारी हमला बोला है ।

व्यवसाय को आसान बनाने और मुक्त बाजार की आर्थिक नीतियों से उत्पन्न बेरोजगारी, आसमान छूती महंगाई ने गरीब मेहनतकस जनता के जीवन यापन पर विनाशकारी असर डाला है। पूंजीपति और विदेशी कंपनियों के पक्ष में बनाए गए चार लेबर कोड का पूरे देश में मजदूर विरोध कर रहा है श्रम कानून के उल्लंघन पर मालिक को दंड देने के प्रावधान को हटाया जा रहा है। नौकरी की सुरक्षा को खत्म किया जा रहा है।

शिक्षक नेता हेमंत कुमार खराड़ी ने कहा कि योजना कर्मियों का सरकार भारी शोषण कर रही है, न्यूनतम वेतन नहीं दिया जा रहा है। अनियमितता बरती जाती है। कई प्रकार के कामों को पूरा करवाने का दबाव भी रहता। है। योजना कर्मिया को संघर्ष के सहारे ही मांगों को पूरा करने का काम करना होगा।

ट्रेन की चपेट से मृत राष्ट्रीय पक्षी मोर का किया अंतिम संस्कार

निम्बाहेड़ा (प्रातःकाल संवाददाता)। निम्बाहेड़ा रेलवे स्टेशन के समीप ट्रेन की चपेट में आने से मंगलवार देर सायं राष्ट्रीय पक्षी मोर की मृत्यु हो गई। क्षेत्रीय वन अधिकारी राजेन्द्र चौधरी ने बताया कि रेलवे कर्मचारियों की सूचना पर मौके पर पहुंचकर मृत मादा मोर के शव को रात्रि होने के कारण रेलवे स्टेशन पर बने यात्री प्रतीक्षालय में ही रखवाया तथा बुधवार प्रातः शव का मेडिकल बोर्ड के माध्यम से पशु चिकित्सालय में पोस्टमार्टम करवाकर राजकीय सम्मान के मोर के शव का अंतिम संस्कार किया गया। इस दौरान तहसीलदार गोपाल जीनगर, कोतवाली पुलिस के सहायक उप निरीक्षक देवेंद्र सिंह, वन विभाग के क्षेत्रीय वन अधिकारी राजेन्द्र चौधरी, पशु चिकित्सक ओपी मेहरा, पुरुषोत्तम गुप्ता, जीवाराम आदि मौजूद रहे।

नवीन ग्राम पंचायत भवन सत्तू का शुभारंभ

डूंगरपुर (प्रातःकाल संवाददाता)। पंचायत समिति दोवड़ा के अंतर्गत नवीन ग्राम पंचायत सत्तू का शुभारंभ राजस्थान प्रदेश कांग्रेस कमेटी के सदस्य पूर्व उप जिला प्रमुख डूंगरपुर प्रेम कुमार पाटीदार ने फीता काटकर मुख्य अतिथि पद से संबोधित करते हुए कहां कि नवीन ग्राम पंचायत बनने से मिनी सचिवालय के रूप में सभी सुविधाएं ग्राम पंचायत मुख्यालय पर मिलेंगी, जिससे आमजन को राहत मिलेंगी। कार्यक्रम की अध्यक्षता सरपंच काली देवी कटारा ने की एवं विशिष्ट अतिथि प्रभुलाल अहारी प्रधान पंचायत समिति दोवड़ा मनोज पाटीदार महामंत्री जिला कांग्रेस कमेटी डूंगरपुर एवं राकेश रोत सरपंच संघ अध्यक्ष दोवड़ा डायालाल खटीक ब्लॉक महामंत्री दोवड़ा के अतिथ्य में कार्यक्रम हुआ। इस अवसर पर उप सरपंच शारदा देवी भाजपा नेता देवीसिंह चारण,शान्तिलाल कटारा वार्ड पंच बहादुर खराड़ी, ग्राम विकास अधिकारी विनोद पाटीदार कनिष्ठ सहायक नरेन्द्र अहारी एवं देवकी भचड़िया एवं सत्तु के ग्रामीण महिला पुरुष सैकड़ों की संख्या में उपस्थित थे।

नगर पालिका धरियावद के वार्ड परिसीमांकन के प्रस्ताव पर मांगी आपत्तियां

धरियावद (प्रातःकाल संवाददाता)। धरियावद नगर पालिका आम चुनाव हेतु नवगठित नगर पालिका में 2011 की जनगणना के आधार पर वार्डो का प्रकाशन कर आपत्तिया मांगी गई।

उपखंड कार्यालय के अनुसार नगर पालिका के वार्डो के प्रकाशित परिसीमांकन के प्रस्ताव पर किसी को आपत्ति हो तो 11 से 25 जुलाई तक स्वयं या डाक द्वारा धरियावद उपखंड कार्यालय में अपनी आपत्ति दर्ज करवा सकता है।

पश्चिम रेलवे - वडोदरा मंडल

विभिन्न इंजीनियरिंग कार्य

ई-निविदा सूचना सं : DRM-BRC 066 to 067 of 2024-25 भारत के राष्ट्रपति के लिए ओर उनकी ओर से मंडल रेल प्रबंधक (डब्ल्यूए/सी), पश्चिम रेलवे, प्रतापनगर, वडोदरा-390 004 द्वारा निम्नलिखित कार्यों के लिए सीलबंद निविदाएं आमंत्रित की जाती हैं। **(1) निविदा संख्या :** DRM BRC 066 of 2024-25 **कार्य का नाम :** वडोदरा-गेरतपुर खंड: नाडियाद जंक्शन बीजी:- नडियाड स्टेशन पर गुड्स शेड की क्षमता बढ़ाना। **कार्य की अनुमानित लागत (रुपये में) :** ₹1,93,17,276.34 **जमा की जाने वाली बिड सिक्योरिटी (रुपये में) :** ₹2,46,600.00 **(2) निविदा संख्या :** DRM BRC 067 of 2024-25 **कार्य का नाम :** वडोदरा मंडल :- एसएसई (वर्क्स) आनंद के अधिकार क्षेत्र के तहत ओवरहेड स्टोरेज टैंक की सफाई और कीटाणुशोधन कार्य **कार्य की अनुमानित लागत (रुपये में) :** ₹42,40,749.23 **जमा की जाने वाली बोली सुरक्षा (रुपये में) :** ₹84,800.00 **उपरोक्त सभी निविदाओं के लिए निविदा प्रस्तुत करने और निविदा खोलने की तिथि और समय :** निविदा 29.07.2024 को 15.00 बजे से पहले जमा की जाएगी और उसी तारीख को 15.30 बजे खोली जाएगी। **वेबसाइट विवरण और नोटिस का स्थान जहां पूर्ण विवरण देखा जा सकता है और कार्यालय का पता जहां से निविदा फॉर्म खरीदा जा सकता है :** मंडल रेल प्रबंधक (डब्ल्यूए/सी) पश्चिम रेलवे, प्रतापनगर, वडोदरा-4 **वेबसाइट :** www.ireps.gov.in 113

हमें लाइक करें: facebook.com/WesternRly

125 करोड़ का बजट,19224 हेक्टेयर में होंगी सिंचाई

डूंगरपुर (प्रातःकाल संवाददाता)। राजस्थान सरकार के बजट घोषणा पर भाजपा जिलाध्यक्ष हरीश पाटीदार ने बताया कि डूंगरपुर के सागवाड़ा क्षेत्र को सिंचित करने 125 करोड़ रुपए का बजट दिया गया है। आसपुर के सोमकमला आंबा बांध से भीखा भाई सागवाड़ा फीडर परियोजना सागवाड़ा के लिए अधिशेष पानी को फीडर नहर के माध्यम से लाने का काम किया जाएगा। इससे 85 गांवो में 19 हजार 224 हेक्टेयर का कमांड क्षेत्र सिंचित होगा। सिंचाई के लिए मिले बजट से किसानों को फायदा होगा। वही किसान अब चारो फसल ले सकेंगे। सागवाड़ा में बिजली समस्या को दूर करने के लिए 220 केवी जीएसएस की घोषणा की गई है।

पूर्व प्रधान ने किया एकलव्य मॉर्डन आवासीय विद्यालय का निरीक्षण

धरियावद (प्रातःकाल संवाददाता)। धरियावद उदयपुर रोड पर पांचागुडा के समीप एकलव्य मॉर्डन आवासीय विद्यालय का पूर्व प्रदेश मंत्री पूर्व प्रधान कन्हैया लाल मीणा ने औचक निरीक्षण किया। धरियावद में अभिभावको की कुछ समस्याओ के बाद निरीक्षण करने पहुंचे पूर्व प्रधान मीणा ने समस्याओं शिकायतों को लेकर एकलव्य स्कूल के प्रधानचार्य से मिलकर चर्चा की साथ ही कई समस्याओं का पूर्व प्रधान ने संबंधित विभागीय अधिकारियों को निर्देश देते हुए समाधान करवाया।

निजी सहायक हितेष मेघवाल के अनुसार कक्षा 11 में कक्षा कक्ष भवन नहीं होने पर विद्यार्थियों को प्रवेश नहीं दिए जाने की शिकायत पर आवासीय विद्यालय पहुंचे पूर्व प्रधान मीणा को वर्तमान में चल रहे अस्थाई आवासीय विद्यालय में 11 वी कक्षा संचालित नही होना पाया गया। विधार्थियों बच्चों की पढ़ाई बाधित नहीं हो इस बात को गंभीरता से लेते हुए पूर्व प्रधान ने 11वीं कक्षा के लिए निजी आर्थिक सहायता कर

पूर्व प्रधान कन्हैया लाल आवासीय विद्यालय निरीक्षण के दौरान विद्यालय स्टाफ से चर्चा करते हुए।

उक्त कक्षा के लिए अन्य भवन उपलब्ध करवाया। इसके अलावा आवासीय विद्यालय में बिजली कनेक्शन नही होने की समस्या पर पूर्व प्रधान मीणा ने मौके से मोबाइल के जरिए बिजली विभाग के एक्सईएन प्रतापगढ़ से बात कर बिजली कनेक्शन की समस्या का जल्द समाधान करने को लेकर बात की। विभाग के अधिकारियों ने हाथो हाथ कनेक्शन की स्वीकृति भी जारी कर दी। निरीक्षण के दौरान आवासीय विद्यालय में पीने के पानी पनघट की समस्या के लिए धरियावद विकास अधिकारी से बता करने पर विकास अधिकारी धरियावद ने स्वीकृति जारी कर एक सप्ताह में पनघट लगाने की बात कही। निरीक्षण के दोरण कई समस्याओं के हाथों हाथ निस्तारण एवं कक्षा ग्यारहवीं के विद्यार्थियों के लिए अन्य भवन में कक्षा संचालित करने के पूर्व प्रधान के निजी आर्थिक सहायता करने पर विद्यालय परिवार एवं विद्यालय स्टाफ ने पूर्व प्रधान का आभार जताया।

OFFICE OF THE EXECUTIVE ENGINEER PWD DIVISION AMET (RAJSAMAND)

File No. 492 Date: 05.07.2024

Notice Inviting Bid

Bids for **Nit No 03/2024-25**, (Ordinary Patch Repair works) **3 Nos.** are invited from interested bidders upto **Date 19.07.2024, 06.00 P.M**. Other particulars of the bid may be visited on the procurement portal (http://eproc.rajasthan.gov.in, http://sppp.raj.nic.in) of the state. and departmental website. The approximate value of the procurement is **Rs. 59.48 Lacs.**

NIB No. PWD2425A0559

	UBN No:	
1. PWD2425WSOB02163	2. PWD2425WSSS02164	3. PWD2425WSSS02165

DIPR/C/5671/2024

(Mangi Ram Regar)
EXECUTIVE ENGINEER
PWD DIVISION AMET

ICICI Home Finance

कॉरपोरेट कार्यालय : आईसीआईसीआई होम फायनान्स कंपनी लिमिटेड, आईसीआईसीआई एचएफसी टॉवर, अंधेरी- कुर्ला रोड, अंधेरी (पूर्व), मुंबई - 400059 भारत

शाखा कार्यालय : प्रथम तल, सोनी टॉवर, रोड नं. 2, मेव बोर्डिंग के पास, अलवर- 301001

(नियम 8(6) के प्रावधान देखें)

अचल संपत्तियों की बिक्री हेतु सूचना

वित्तीय संपत्तियों के प्रतिभूतिकरण और पुनर्निर्माण और सुरक्षा हित प्रवर्तन अधिनियम, 2002 के तहत अचल संपत्तियों की बिक्री के लिए ई-नीलामी बिक्री सूचना, सुरक्षा हित (प्रवर्तन) नियम, 2002 के नियम 8 (6) के प्रावधान के साथ पढ़ी जाती है।

इसके द्वारा सामान्य रूप से जनता को और विशेष रूप से उधारकर्ता(ओं) और गारंटर(ओं) को नोटिस दिया जाता है कि नीचे वर्णित अचल संपत्ति सुरक्षित लेनदार के पास गिरवी/चार्ज की गई है, जिसका **प्रतीकात्मक कब्ज़ा** अधिकृत अधिकारी द्वारा लिया गया है। आईसीआईसीआई होम फाइनेंस कंपनी लिमिटेड को यहां दिए गए संक्षिप्त विवरण के अनुसार, 'जैसा है जहां है', 'जैसा है जो है' और 'जो कुछ भी है' पर बेचा जाएगा;

क्र. सं.	कर्जदार/सह-कर्जदार/जमानतदार कानूनी उत्तराधिकारी का नाम कर्ज खाता क्रमांक	प्रतिभूत मालमत्ता के साथ ज्ञात भार, कुछ हो तो तफसील	धकबाकी रकम	रासीव मूल्य रु. में / बयाना राशि जमा रु. में	मालमत्ता परीक्षण की तिथि एवं समय	निलामी की तिथि एवं समय
(ए)	(बी)	(सी)	(डी)	(ई)	(एफ)	(जी)
1.	सतीश कुमार भट (उधारकर्ता) संगीता भट (सह-उधारकर्ता) ऋण खाता संख्या NHBUE00001268058	कालका रॉयल रेजीडेंसी के नाम से प्रसिद्ध बिल्डिंग के टावर 'सी' में चौथी मंजिल पर फ्लैट नंबर 401, जो कि ग्राम हरसिंग की जमीन खसरा नंबर 231 गांव- थाड़ा, तहसील-तिजारा, जिला अलवर (राजस्थान) में है।	रु. 29,73,065/- 24 जून, 2024	रु. 22,50,900/- / रु. 2,25,090/-	05 अगस्त, 2024 11:00 पूर्वाह्न 03:00 अपराह्न	14 अगस्त, 2024 02:00 अपराह्न 03:00 अपराह्न

ऑनलाइन निलामी हमारी निलामी एजन्सी **ग्लोब टेक (यूआरएल लिंक https://BestAuctionDeal.com)** के वेबसाइट पर प्रकाशित की जाएगी। गिरवी रखने वाले/सूचना कुल धकबाकी रकम का **13 अगस्त, 2024** को **शाम 05.00** तक आने के ब्याज के साथ प्रदान करने के लिए सूचना दी जाएगी अन्यथा, सक्षम प्रतिभूत मालमत्ता की अनुसूची अनुसार बिक्री की जाएगी।

प्रस्तावित बोलीदार सक्षम बयाना राशि जमा के साथ (रकाना क्र. ई) में संदर्भित) मुहरबंद लिफाफा में सुपरस्क्राईब्ड मालमत्ता के खरीद के लिए प्रस्ताव उनके प्रस्ताव **आईसीआईसीआई होम फाइनेंस कंपनी लिमिटेड, प्रथम तल, सोनी टॉवर, रोड नं. 2, मेव बोर्डिंग के पास, अलवर- 301001** तहत **दि. 13 अगस्त, 2024** को **4.00 बजे** तक भेजे एवं पेश करें। कृपया प्रस्तावित बोलीदार ऊपरी निर्देशित समय के अनुसार उनके प्रस्ताव निविदा दस्तावेज के हस्ताक्षरित प्रति **आईसीआईसीआई होम फाइनेंस कंपनी लिमिटेड, प्रथम तल, सोनी टॉवर, रोड नं. 2, मेव बोर्डिंग के पास, अलवर- 301001** तहत **दि. 13 अगस्त, 2024** को **शाम 5.00 बजे** के पहले पेश करें। बयाना रकम जमा ड्राफ्ट (डीडी) राष्ट्रीयकृत/शेड्युल्ड बैंक से योग्य निलामी आयोजन **आईसीआईसीआई होम फायनान्स कंपनी दि.** - निलामी के नाम से **अलवर** तहत पेश करें।

जांच के संबंध में अधिक जानकारी के लिए, निलामी के नियम एवं शर्तें एवं निविदा को पेश करने के लिए कृपया **आईसीआईसीआई होम फायनान्स कंपनी लिमिटेड** के मो. क. 9920807300 पर या हमारे **सेल्स एंड मार्केटिंग पार्टनर नेवससेन सॉल्यूशंस प्राइवेट लिमिटेड** पर सम्पर्क करें।

प्राधिकृत अधिकारी के पास कोई भी कारण न देकर सर्व बोली रद्द करने का अधिकार आरक्षित हैं।

बिक्री के विस्तृत नियम एवं शर्तों के लिए कृपया आईसीआईसीआई बैंक लिमिटेड के वेबसाइट **https://www.icicihfc.com/** से सम्पर्क करें।

दिनांक : 12 जुलाई, 2024
स्थान : अलवर

प्राधिकृत अधिकारी
आईसीआईसीआई होम फायनान्स कंपनी लिमिटेड